# ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, कृषि मौसम विभाग
# जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र
# डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय
# पूसा,समस्तीपुर (बिहार)–848125

**बुलेटिन संख्या–55**

**दिनांक: मंगलवार, 21 जुलाई, 2026**

## विगत मौसम पूर्वानुमान अवधि का आकलन

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन केअनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 32.2 एवं 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 86 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.0 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.4 मि0मी0 तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 0.3 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5से0मी0 गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.1 एवं दोपहर में 33.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि मौसम शुष्क रहा है।

## मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान
## (22–26 जुलाई, 2026)

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0आर0पी0सी0ए0यू0, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 22 जुलाई से 26 जुलाई, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसारः–

- पूर्वानुमानित अवधि में उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में अच्छी वर्षा होने की संभावना नहीं है। हलाकि, 23–24 जुलाई को आसपास गोपालगंज, मधुबनी, सीतामढ़ी, सीवान, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। पूर्वानुमानित अवधि में अन्य जिलों में बिजली चमकने एवं तेज हवाओं के साथ कहीं–कहीं हल्की वर्षा हो सकती है।
- इसे दौरान तापमान में गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। ज्यादातर स्थानों में अधिकतम तापमान 30–33°C के बीच तथा न्यूनतम तापमान 25–28°C के बीच रहने की संभावना है।
- पूर्वानुमान के दौरान हवा में काफी नमी बने रहने की संभावना है। सुबह के समय सापेक्षिक आर्द्रता 85–95% तथा दोपहर के समय 50–60% के बीच रहने का अनुमान है।
- इस दौरान हवा मुख्यतः पूर्वी दिशा से 5–15 किमी प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

## समसामयिक सुझाव

- तिल: जिन ऊँचास जमीन में धान की खेती संभव नहीं है, वहाँ इस सप्ताह के भीतर तिल की बुआई पूरी करें। बुआई से पूर्व बीजों को थिरम 2 ग्राम/किलोग्राम बीज से उपचारित करें। *कृष्णा, कालिका, कांके सफेद* एवं *प्रगति* (एमटी–75) किस्मों का चयन करें। 30×10–15 सेमी की दूरी रखें तथा प्रति हेक्टेयर 60 क्विंटल गोबर की खाद, 40 किलोग्राम नाइट्रोजन, 20 किलोग्राम फॉस्फोरस एवं 20 किलोग्राम पोटाश का प्रयोग करें।
- अरहर: अच्छी जल निकास वाली ऊँचास जमीन में खरीफ अरहर की बुआई करें तथा जहाँ संभव हो मेड़ या रिज पर बुआई करें। *बहार, पूसा*–9, *राजेन्द्र अरहर*–1 एवं *राजेन्द्र अरहर*–2 किस्मों का चयन करें। प्रति हेक्टेयर 18–20 किलोग्राम बीज का उपयोग करें तथा 20 किलोग्राम नाइट्रोजन, 45 किलोग्राम फॉस्फोरस, 20 किलोग्राम पोटाश एवं 20 किलोग्राम सल्फर आधार खाद के रूप में दें। बुआई से पूर्व बीजों को कार्बेन्डाजिम, क्लोरपायरीफॉस एवं राइजोबियम कल्चर से उपचारित करें।
- मिर्च: ऊँची क्यारियों में मिर्च की नर्सरी की बुआई करें। बुआई से पूर्व बीजों को थिरम 75% डस्ट से उपचारित करें। अनुशंसित किस्मों का चयन करें तथा सामान्य किस्मों के लिए 800–1000 ग्राम एवं संकर किस्मों के लिए 250–300 ग्राम बीज प्रति हेक्टेयर का प्रयोग करें। प्रति हेक्टेयर 25–30 टन गोबर की खाद तथा 100–120 नाइट्रोजन, 40–50 फॉस्फोरस एवं 40–50 किलोग्राम पोटाश उर्वरकों का प्रयोग करें।
- मिश्रीकंद: अच्छी जल निकास वाली ऊँचास जमीन में इसकी बुआई करें। बुआई के लिए *राजेन्द्र मिश्रीकंद*–1 एवं *राजेन्द्र मिश्रीकंद*–2 किस्मों का चयन करें। प्रति हेक्टेयर 15–20 किलोग्राम बीज, 30×30 सेमी दूरी, 200 क्विंटल गोबर की खाद तथा 80 नाइट्रोजन, 60 फॉस्फोरस एवं 80 किलोग्राम पोटाश उर्वरकों का प्रयोग करें। नाइट्रोजन की आधी मात्रा, फॉस्फोरस, पोटाश के पूरी मात्रा बुआई के समय तथा शेष आधी मात्रा 40–45 बुआई के दिन बाद दें।
- प्याज: 25–35 दिन पुरानी नर्सरी में निराई–गुड़ाई कर खरपतवार नियंत्रण करें। अधिक वर्षा एवं तेज धूप से बचाव के लिए क्यारी के ऊपर 6–7 फीट की ऊँचाई पर शेड नेट लगाएँ।
- मशरूम: जुलाई माह के भीतर श्वेत दुधिया मशरूम की बुआई पूरी करें। ऑयस्टर मशरूम उत्पादन के लिए झोपड़ी/उत्पादन कक्ष की मरम्मत एवं साफ–सफाई करें तथा गुणवत्तायुक्त स्पॉन विश्वसनीय प्रयोगशाला से प्राप्त करें।

| | |
|---|---|
| आज का अधिकतम तापमानः 31.0 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस कम | आज का न्यूनतम तापमानः 24.6 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम |

(डॉ0 ए. सत्तार)
वरीय वैज्ञानिक सह नोडल पदाधिकारी